क्रिया को देखते हुए सुरक्षा की पर्याप्त व्यवस्था नहीं किये जाने के क्या कारण थे ; और

(ग) हमले के फलस्वरूप कितने एकता यात्री मारे गये घायल हुए और उक्त घटना में मृतकों अथवा घायल व्यक्तियों के परिवार के सदस्यों को क्षतिपूर्ति या सहायता के रूप में कितनी राशि दी गयी ?

संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्यमंत्री और गृह मंत्रालय में राज्यमंत्री (श्री एम.एम. जैकब) : (क) से (ग) पंजाब सरकार से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार राज्य में एकता यात्रा के सुचारू रूप से संचालन के लिए पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्थाएं की गई थीं । तथापि, स्वयं सेवकों को ला रही दो बसों पर, जिन्हें मुख्य कानवॉई के साथ शामिल होना था, 23 जनवरी, 1992 को कपूरथला जिले में मेहतान गांव के निकट कार में सवार अज्ञात आतंकवादियों द्वारा गोली चलाई गई, जिसके परिणामस्वरूप 4 व्यक्तियों की मृत्यु हो गई और अन्य 7 घायल हो गए । भा० द० संहिता की धारा 302/307/147/149 और शस्त्र अधिनियम की धारा 25 के अधीन एक मामला दर्ज किया गया है । राज्य सरकार ने सूचित किया है कि बसों की इस कानवॉई के चलने के बारे में पहले से कोई सूचना प्राप्त नहीं हुई थी ।

एकता यात्रा के दौरान मारे गये व्यक्ति

1064. श्री भुवनेश चतुर्वेदी : क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) हाल की एकता यात्रा के दौरान कितनी घटनायें हुई और उनमें कितने-कितने लोग मारे गये ;

(ख) इस यात्रा के दौरान कितने सुरक्षा कार्मिकों को तैनात किया गया ;

(ग) इसके परिणामस्वरूप यात्रा के दौरान किन-किन स्थानों पर साम्प्रदायिक तनाव बढ़ा ;

(घ) क्या सरकार साम्प्रदायिक तनाव बढ़ाने वाली ऐसी यात्राओं पर रोक लगाने का विचार रखती है ; और

(ङ) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है तथा सरकार देश में धार्मिक तनाव रोकने के लिये अन्य क्या-क्या कदम उठाने का विचार रखती है ?

संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री और गृह मंत्रालय में राज्यमंत्री (श्री एम.एम.जैकब): (क) से (ङ) "लोक व्यवस्था" राज्य का विषय है क्योंकि यह संविधान की सातवीं अनुसूची के राज्य सूची--सूची--II में शामिल है । तदनुसार, कानून और व्यवस्था को बनाए रखने का कार्य राज्य सरकारों का है । तथापि, केन्द्र सरकार ने समय समय पर एकता यात्रा से संबंधित स्थिति का पुनरीक्षण किया और यात्रा से संबंधित कानून और व्यवस्था के विभिन्न पहलुओं को संबंधित राज्य सरकारों के ध्यान में लाया गया । एकता यात्रा के फलस्वरूप उस समय उत्पन्न स्थिति पर विचार करने के लिए प्रधानमंत्री ने भी 10 दिसम्बर, 1991 को विभिन्न राजनैतिक दलों के साथ एक बैठक की ।

Impact of Ekta Yatra ..

1065. PROF. SAURIN BHATTACHARYA; Will the Minister of HOME AFFAIRS be pleased to state:

(a) whether it is a fact that three days' curfew was imposed in the Kashmir valley, IAF aircraft was provided to lift the! BJP President to Srinagar to enable him to hoist National flag at Lal Chowk under strict vigil by armed forces; and

(b) what is the impact of the above Yatra on the efforts made by Government to contain militancy in the State?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS AND THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI M. M. JACOB); (a) and (b) On 24-1-1992 there was no day curfew in the valley except in Srinagar